# कृषि में मुज़फ्फरपुर देश में शीर्ष स्थान पर

## चर्चा में क्यों?

5 अक्तूबर, 2023 को नीतिआयोग ने देश के 112 आंकाक्षी ज़िलों की डेल्टा रैंकिंग जारी की है। इसमें बिहार का मुज़फ्फरपुर ज़िला कृषि के क्षेत्र में देश में शीर्ष स्थान पर है।

## प्रमुख बिंदु

- कृषि के क्षेत्र में लगातार सुधार ने आकांक्षी ज़िलों में मुजफ्फरपुर को पहली रैंकिंग पर पहुँचाया है।
- ओवरऑल रैंकिंग में देश में इस बार मुजफ्फरपुर ज़िले को छठा स्थान मिला है। शिक्षा में 100वीं व स्वास्थ्य में 26वीं रैंक पर है। शिक्षा में ज़िला लगातार नीचे फिसलता गया है और दो साल में इस बार इसका सबसे खराब प्रदर्शन रहा है।
- आंकाक्षी ज़िलों के तहत मुजफ्फरपुर में विशेष रूप से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि,फाइनेंसियल एंड स्किल डेवलपमेंट, बेसिक इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम किया जा रहा है। ज़िले में शिक्षा के क्षेत्र में लगातार उपलब्धियाँ हासिल हुई थीं।
- दिसंबर 2020 से लेकर 2021 तक ज़िला शीर्ष स्थान में 1 से लेकर 10 में रहा। इसके बाद 20वें और 64वें नंबर तक जा पहुँचा।
- इस बार न केवल रैंकिंग 100वें नंबर पर फिसल गई है बल्कि स्कोरिंग में भी कमी आई है। पिछली बार की अपेक्षा इस बार स्कोर एक फीसदी नीचे चला गया है।





PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/muzaffarpur-ranks-top-in-agriculture-in-the-country